लोकल स्पोर्ट्स

इंदौर संभाग फेंसिंग टीम का खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन

इन्दौर। खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2026 की राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 30 एवं 31 जनवरी 2026 को आयोजित हुई। इंदौर संभाग की 24 सदस्यीय टीम ने सेबर, ईपी एवं फॉइल इवेंट में भाग लिया। जिसमें डब्लू.जे.डी डोजो के 11 खिलाड़ी थे जिसमें बालक वर्ग खिलाड़ी सेबरः करण साहू , रुद्राक्ष चौहान, धीरज घुर्वे। ईपीः आदर्श चौहान, अनमोल प्रजापति, उत्कर्ष प्रजापति, धैर्य जैन।फॉइलः अरविंद सावनेर, अश्विन राठौर, राजवीर जादौन, आशीष प्रजापति। बालिका वर्ग खिलाड़ी सेबरः अनुष्का लश्करी, मानसी चौरसिया, सानिया ओरे, । ईपीः श्रद्धा लोधी, सुप्रिया कुमारी।फॉइलः श्रजल महावर, वैष्णवी बोरकर। ईपी इवेंट में अनमोल प्रजापति ने सिल्वर मेडल हासिल किया। वही वैष्णवी बोरकर, श्रजल महावर एवं अश्विन राठौर टॉप 8 में रहे। सभी खिलाड़ियों ने नॉकआउट राउंड तक पहुंचकर अच्छा प्रदर्शन किया और इंदौर की टीम ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा। टीम कोच हरिओम परमार, ट्रेनर कारण साहू (डब्लू.जे.डी डोजो) एवं मैनेजर पिंकी बड़ोनिया। इंदौर संभाग तलवारबाजी टीम के दल प्रबंधक श्री कौशल शिवरे रहे।

इंदौर के खिलाड़ियो का शानदार प्रदर्शन

इन्दौर। भोपाल के टी टी नगर स्टेडियम में आयोजित खेलो एम पी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्श करते हुए तीन स्वर्ण तीन रजत तथा एक कांस्य पदक जीते। इंदौर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव गोविन्दा चिंतामण ने बताया कि दिशा तिवारी ने गोल फेक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। मंथन काग ने 100 मीटर दौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बालक वर्ग मध्यप्रदेश के सबसे तेज धावक होने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही देव मलिक ने 3000 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंजली बागरी ने 400 मीटर बाधा दौड़ में दूसरा स्थान तथा ग्रेसी मार्टिन ने भी 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। श्रद्धा ने बालिकाओं की ऊंची कूद में द्वितीय स्थान और स्तुति जायसवाल ने लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष दीपक जोशी, शर्मिला तेजावत, रीना चौहान, भावना गौड, खुशबू पाटीदार, जितेंद्र गौड़, विनोद कुमावत, दीपक, गौरव, मिलन मांडलिक, मनीष जरिया ने बधाई शुभकामनाएं दी।

दानियाल खान कम उम्र में बड़ी उपलब्धि

इंदौर। चोइथराम स्कूल में कक्षा 1 में अध्ययनरत दानियाल सामी खान ने कम उम्र में खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर अपने विद्यालय, परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। दानियाल वर्तमान में कराटे में येलो बेल्ट धारक हैं और खेलों के प्रति उनकी रुचि व प्रतिभा शुरू से ही सराहनीय रही है। दानियाल ने हाल ही में आयोजित कोटनाला कप ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया, जिससे उनकी मेहनत और अनुशासन का प्रमाण मिलता है। इसके अलावा, उन्होंने अपने स्कूल में आयोजित एथलेटिक्स मीट में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत (सिल्वर) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक अपने नाम किए हैं। खेल प्रतिभा दानियाल को विरासत में मिली है। उनके पिता डॉ. सामी अनवर खान, जो एक प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन हैं, स्वयं भी कराटे खिलाड़ी रह चुके हैं। वहीं उनकी माता डॉ. साबिया खान सूरी, जो ईएनटी सर्जन हैं, राष्ट्रीय स्तर की योगा चैंपियन रह चुकी हैं। दानियाल के नाना एल. ए. खान सूरी भी राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। इस प्रकार खेल और फिटनेस का मजबूत पारिवारिक संस्कार दानियाल को प्रेरित करता रहा है। दानियाल के कराटे प्रशिक्षक मास्टर सईद आलम हैं, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में दानियाल निरंतर प्रगति कर रहे हैं।

इंटर - स्कूल चैंपियनशिप



इन्दौर। सिका स्कूल, स्कीम नंबर 78 बालवाटिका के बच्चों ने चोइथराम स्कूल, माणिक बाग, इंदौर में हुई प्रतिष्ठित अभ्युदय इंटर-स्कूल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। नर्सरी, के. जी.-1 और के. जी.-2 के छोटे चैंपियंस ने भाग लिया और इन कैटेगरी में स्कूल का नाम रोशन किया।

क्लास -नर्सरी : भूविका उकार्डे - पहला पुरस्कार, हर्डल रेस युवराज अटोले - पहला पुरस्कार, हर्डल रेस रागवी सोलंकी - पहला पुरस्कार, सर्किट रेस युवराज अटोले - तीसरा पुरस्कार, स्प्रिंट रेस तेजस माली - तीसरा पुरस्कार, सर्किट रेस हिमांश टेटवा - तीसरा पुरस्कार, टनल रेस

के. जी - 1 : दूसरा पुरस्कार - रिले रेस प्रतिभागी- शिवत्यप्रताप नरवरिया, दर्श निकुंभ, कार्तिक द्विवेदी, कनिष्क ओझा, अयांश कलाम, वेदांत सेन के. जी.- 2 : निविद साहू - दूसरा पुरस्कार, हर्डल रेस

पत्रकार महासम्मेलन का हुआ आयोजन

इंदौर। पत्रकारिता एवं सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से क्राइम दर्पण, तिमिर किरण एवं सबका साथ विजय के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य पत्रकार महा-सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में पत्रकारों, समाजसेवियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में क्राइम दर्पण के महाप्रबंधक संजय माहेश्वरी एवं महाप्रबंधक नौशाद खान , संदीप जैन, उमर खान की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन का कुशल संचालन तिमिर किरण के प्रधान संपादक लोकेंद्र सिंह राठौर द्वारा किया गया, जिन्होंने मंच से कार्यक्रम को अनुशासित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री नाहर सिंह बाबा सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष

कैलाश राठौर, शहर काजी डॉ. इशरत अली, सर्व धर्म संघ अध्यक्ष मंजूर बैग, उपाध्यक्ष रियाज खान डॉ. शकील, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र शर्मा, करीम पठान उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है और निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को पत्रकारों के मनोबल को बढ़ाने वाला बताया।

पत्रकारों एवं समाज सेवियों का सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से गणेश सोनी, अखिलेश त्रिवेदी, योगिता सोनी, संदीप राठौर, राहुल राठौर, अजय सिंह सोलंकी, शिवनारायण चौहान, अनुराग सैनी, कु. नेहा बामनिया ,दुर्गेश रोशन, मानसिंह बादूकुल, किशोर नगर, पूनम खंडेलवाल, भाविका गुरु, पूजा चौहान, डॉ. अकबर काजी, जाकिर खान, नियाजुद्दीन पठान (आष्टा),मुमताज बि,सलमान अंसारी,भारती जैसवार , शहीदा आफरीन खान(अलीशा), सरफराज खान, मोइनुद्दीन मंसूरी,पवन नंगेले,आकाश सूर्यवंशी, अशोक दगदी, सखी शेख, दानिश मंसूरी शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त संस्था सुलताने इंदौर एकता सेवा समिति से करीम खान, फिरोज खान, आदिल शेख एवं राजकुमार मेहता दुर्गेश रोशन, सलमान सहित अनेक सामाजिक सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।

खेलकूद और पुरस्कार वितरण प्रतियोगिता का आयोजन

इन्दौर। किड्स वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में पाठ्येत्तर गतिविधियों के क्रम में वार्षिक खेलकूद और पुरस्कार वितरण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की थीम गणतंत्र दिवस से प्रभावित दिखी और पूरा स्कूल प्रांगण तिरंगे के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम का आगाज़ इष्ट्रह्ल सर श्री सतविंदर सिंह और हेडमिस्ट्रेस श्रीमती कमलप्रीत कौर नय्यर द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर ट्रस्टी डॉ ऋरु माखीजा सर, महाराजा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सीईओ श्री सतविंदर सिंह, श्रीमती रमनदीप कौर माखीजा (डायरेक्ट

माता गुजरी पब्लिक स्कूल) , श्रीमती नीलम पांडे (प्रिंसिपल माता गुजरी पब्लिक स्कूल) , श्रीमती रीना दुग्गल (प्रिंसिपल श्री गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल), श्री रतनजीत सिंह शैरी (डायरेक्टर श्री गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल), श्री आनंद निगोत्स्कर (प्रिंसिपल महाराजा रंजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज) उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ । इसके अलावा अन्य विधाओं के लिए भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

खेलकूद विधाओं में समृद्धि झा, अवनूर कौर, रूहानी गोस्वामी, गौरवी पालीवाल, नव्य अग्रवाल, मान्य पाटीदार, हर्षिता डबराल, हिमांग छड़ीदार, हुसैन बागवान, प्रवीर वर्मा, संजम कौर, नंदीश कुमावत, वियोम चौहान, अभिज्ञा हाडिया, राव्या चौहान, हर्ष तंवर, शब्बेनूर बागवान, सचिता शर्मा, रुद्र गुप्ता, रियांश पटेल, दियान वर्मा विजेता रहे।

अन्य विधाओं में प्रतिभागी अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया जिसमें सर्वसम्मानीय विनीता वर्मा प्रथम, गुरविंदर कौर , नवदीप सलूजा द्वितीय एवं पूजा राठौर, रवलीन सलूजा तृतीय रहे।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्शी निज़ाम द्वारा किया गया और आभार श्रीमती अनित कौर होरा ने माना।

गुरव समाज निमाड़ पंचायत - पूर्वी क्षेत्र द्वारा बैठक का आयोजन

इन्दौर। गुरव समाज निमाड़ पंचायत - पूर्वी क्षेत्र के तत्वावधान में आज शीतला माता मंदिर, नंदा नगर में हल्दी-कंकू कार्यक्रम एवं समाज बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की मातृशक्ति, बहनों एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हल्दी-कंकू कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया।

इस अवसर पर समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक परंपराओं एवं मूल्यों को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके पश्चात आयोजित समाज बैठक में सामाजिक संगठन, आपसी समन्वय एवं भविष्य की गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री सुनील शर्मा, सचिव मनीष चौहान, साथ ही सुभाष शर्मा, आभा शर्मा, सरिता काले, सुनीता, ललिता, संतोष काले, राखी, शर्मीला सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

माइनॉरिटी इंटर स्कूल गेम्स में 25 मेडल्स के साथ अल-हिरा टॉप पर

इंटर स्कूल गेम्स में अल-हिरा ओवरऑल चैंपियन

माइनॉरिटी स्कूल एसोसिएशन के पहले इंटर स्कूल गेम्स में इंदौर के 23 विद्यालयों ने हिस्सा लिया

इन्दौर। अल-हिरा पब्लिक स्कूल, चन्दन नगर के खिलाड़ियों ने रस्साकशी, हैंडबॉल, बैडमिंटन, रिले

रेस, स्प्रिंट रेस, लेमन रेस, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट और रस्सीकूद में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 25 मेडल्स हासिल कर मेडल तालिका में पहला मुक़ाम हासिल किया।

अल-हिरा के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड 8 सिल्वर 5 ब्रॉन्ज कुल 25 मेडल्स हासिल कर स्पर्धा का चैंपियनशिप अवार्ड हासिल किया। वहीं नूरानी एकेडमी मदीना नगर ने 10 गोल्ड 6 सिल्वर 3 ब्रॉन्ज सहित कुल 19 मेडल के साथ रनरअप रहा। अल-हिरा पब्लिक स्कूल की इरम फ़ातेमा ने टूर्नामेंट में 5 गोल्ड मेडल्स हासिल कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। स्कूल ने इरम फ़ातेमा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के अवार्ड से सम्मानित किया। अल-हिरा के खिलाड़ियों ने स्प्रिंट रेसः में 4 गोल्ड, 1 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज़ सहित 8 मेडल्स रिले रेस में: 2 गोल्ड, 1 सिल्वर सहित 3 मेडल्स रस्साकशी में: 2 गोल्ड, 1 सिल्वर सहित 3 मेडल्स लॉन्ग जम्प में: 1 गोल्ड, 2 सिल्वर सहित 3 मेडल्स लेमन रेस में: 1 गोल्ड, 1 सिल्वर 1 ब्रॉन्ज़ सहित 3 मेडल्स शॉटपुट में: 2 सिल्वर हैंडबॉल में 1 गोल्ड बैडमिंटन में 1 गोल्ड रस्सीकूद में 1 ब्रॉन्ज़ सहित कुल 25 मेडल्स हासिल किए। माइनॉरिटी स्कूल्स के बीच पहली बार हुई खेलकूद में स्पर्धा में अल-हिरा के गर्ल्स और बॉयज ने खेलभावना के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में पहला मुक़ाम हासिल कर विद्यालय को गौरान्वित किया। गरिमामयी पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुखतार खान, खालिद खान, आदिल सईद, पार्षद रफ़ीक खान, शादाब पटेल एम एस ए प्रेसिडेंट इस्हाक़ खान और सेक्रेटरी अल्ताफ मंसूरी ने कामयाब खिलाड़ियों को मेडल्स और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। स्कूल खिलाड़ियों की शानदार कामयाबी पर प्राचार्य याक़ूब मेमन, इंचार्ज वसीम सर, शर्मा मेडम, शाइस्ता खान, को-इंचार्ज फहीम सर, कोच जावेद खान, रुबीना खान, संगीता विश्वकर्मा, शिरीन रंगवाला, सोफिया अंसारी, उमेर फारूकी, मेराज अख्तर, इमरान खान, ताहिर मिर्ज़ा, समरीन रहमानी, अमानुल्लाह मेमन, रूपेश पेंढारकर, सीमा एरेकर, सुल्ताना एहमद, सोफिया एहमद, तंजीम खान, रेशमा खान, जुवेरिया नाज़, अक्शा शेख सहित पूरे स्टॉफ ने बधाई दी।

इरम फ़ातेमा 5 गोल्ड मेडल्स के साथ प्लयेर ऑफ टूर्नामेंट

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 12 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है 1. सुनील पिता हरीश कुमार पुरसवानी, 2. ऋतुजा पति सुनील पुरसवानी, 3. वरुण पिता स्वः श्री भावनदास लालचंदानी के स्वामित्व के भूखंड क्रमांक Address- 60, PALSIKAR COLONY, INDORE पर कमर्शियल एरिया 30.00 वर्गमीटर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियमन की कंडिका क्रमांक 6.10.10 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्रमांक 12 के कार्यालय (भवन अनुज्ञा शाखा) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी
झोन क्र. 12, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 7 इंदौर
जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झोन क्रं. 07 स्कीम नं. 54 पर आवेदक (1) श्री प्रदीप पिता श्री गोविंद राव देशपांडे के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर वार्ड 33 म.नं. 4, महाशक्ति पराग नगर कबीटखेड़ी इन्दौर पिन नं. 1000942017 पर सम्पत्ति का विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण चाहा है। इस जाहिर सूचना के दिनांक 4.02. 2026 से 7 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय प्रमाण के लिखित आपत्ति झोन क्रं. 07 के सहा. राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। वर्तमान में सम्पत्तिकर रेकार्ड में श्री विजय पिता आत्माराम चौधरी का नाम दर्ज है।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 7, स्कीम नं. 54, नगर पालिक निगम, इंदौर

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम गजेन्द्र सिंह सांखला पिता श्री लाडू सिंह सांखला था, जिसे मैंने अपने निजी कारणों से परिवर्तित कर अब अपना नाम गजेन्द्र सिंह सांखला पिता श्री लाडू सिंह सांखला रखा लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी परिवर्तित नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

नाम - गजेन्द्र सिंह सांखला पिता लाडू सिंह सांखला
पता- सीएम 115, वार्ड 06 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पीथमपुर जिला धार

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार देवेन्द्र कुमार पिता स्वः श्री मुन्नालालजी पण्डया निवासी 223/4, सेक्टर-सी, कुशवाह नगर इन्दौर द्वारा प्रदत्त माहिती अनुसार सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का पुत्र आदर्श पिता देवेन्द्र कुमार पण्डया को मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान 223/4 सेक्टर-सी कुशवाह नगर से उसे बेदखल कर रहा हूं, क्योंकि मेरा लड़का आए दिन मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित एवं परेशान एवं मेरे पक्षकार के साथ आए दिन मारपीट करता है जिससे मेरे पक्षकार उसे अपने घर से बेदखल कर रहे है। बेदखल करने के पश्चात मेरे आधिपत्य मकान पर मेरे अलावा किसी का कोई लेना-देना नहीं है। मैं एकमात्र मालिक होकर उसे मैं अपने स्वयं के उपयोग एवं उपभोग के लिए रखना चाहता हूं। सो विदित हो।

इन्दौर, दिनांक 03-02-2026
गोमेश कुमायु (एडव्होकेट)
2/4, मुराई मोहल्ला, जूनी इन्दौर, (म.प्र.), मो.नं. 9827286643

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपके निर्देशानुसार श्री चंद्रपाल प्रजापत पिता श्री सुखराम प्रजापत का अपने आधिपत्य का मकान क्रमांक 122, नई बस्ती, वार्ड नं. 75, ग्राम पालदा तहसील व जिला इन्दौर मध्यप्रदेश कुल क्षेत्रफल 550 वर्गफिट है, जिस पर आज तक उन्हीं का आधिपत्य नगर निगम के अभिलेख पर चला आ रहा है। सदर सम्पत्ति को श्री रंजीत पिता श्री खुमान को विक्रय किया जाना है। उपरोक्त सम्पत्ति पर हमारे पक्षकार टाइगर होम फाइनैन्स प्रा.लि. द्वारा श्री राकेश यादव पिता श्री अशोक यादव को लोन देना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित लोन के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में तय दस्तावेजों को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा संबंध ऋणी को ऋण प्रदान कर दिया जायेगा।

प्रसून पाण्डे (अभिभाषक)
कार्यालय 1 : 301, सिल्वर एस्टेड, मिनलश्री, वाय.एन. रोड, इंदौर (म.प्र.)
कार्यालय 2 : यू.जी.-23 सनराईज टॉवर, एम.जी. रोड, इंदौर (म.प्र.)

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार द्वारा शिव कुमार सेठिया पिता श्री वल्लभदासजी सेठिया निवासी 15, साठा बाजार इंदौर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन / भूखंड क्रमांक 8 उषा नगर, इंदौर, जिसकी तल भूमि का कुल क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट है, जिस पर दो मंजिला (तल+प्रथम) मकान बना हुआ है, को कय करने का सौदा किया होकर, उस पेटे आंशिक प्रतिफल की राशि अदा कर दी है।

उक्त संपत्ति पर या इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान का किसी प्रकार का हक, हित, अधिकार, स्वत्व, दावा हो या किसी प्रकार का कोई भार- बोझा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेजी प्रमाण के हमसे संपर्क करे अन्यथा बाद मियाद हमारे पक्षकार अवशेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेंगे। बाद मियाद प्रस्तुत उजर या आपत्ति हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी ।

दिनांक : 03 फरवरी 2026
गिरीश महाजन एडवोकेट
कार्या. 1280/5, नंदा नगर, इंदौर मो.नं. 9827300746

इंदौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इंदौर
म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत पंजीयन क्रं. 900, दिनांक 21.04.89
एफ. 85, रजत जयंती काम्पलेक्स, योजना क्रं. 54 इन्दौर, फोन नं. 2556681, 4201763

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित करने में आता है कि, संस्था इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर संस्था सदस्य रमेश पिता सिद्धनाथ परमार निवास म.नं. 385 नई जीवन की फेल, इंदौर में रहते है। अपने स्वयं नाम की मालिकी व आधिपत्य की मकान रजिस्ट्री दस्तावेज नं. मकान नं. 385 नई जीवन की फेल इन्दौर की मकान की रजी. दस्तावेज को तारण किये जाकर संस्था इनको 2,00,000/ (दो लाख रुपये) कर्ज दे रही है। किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 3 दिन में मय दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें। उसके पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

घनश्याम पाटिल (प्रबंधक)
इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर (म.प्र.)

इंदौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इंदौर
म.प्र. सहकारी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत पंजीयन क्रं. 900, दिनांक 21.04.89
एफ. 85, रजत जयंती काम्पलेक्स, योजना क्रं. 54 इन्दौर, फोन नं. 2556681, 4201763

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित करने में आता है कि, संस्था इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर संस्था सदस्या श्रीमती अनिता पति पप्पू कुशवाह म.नं. 19 छोटी भभोरी, इन्दौर में रहते है। अपने पति पप्पू कुशवाह के नाम की मालिकी व आधिपत्य की मकान रजी. दस्तावेज मकान नं. 169 अभिनंदन नगर इन्दौर की मकान की रजी. दस्तावेज को तारण किये जाकर संस्था इनको 3,50,000/ (तीन लाख पचास हजार रुपये) कर्ज दे रही है। किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 3 दिन में मय दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें। उसके पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

घनश्याम पाटिल (प्रबंधक)
इन्दौर प्रगतिशील सहकारी साख संस्था मर्या. इन्दौर (म.प्र.)